# श्रीअन्न सांस्कृतिक विरासत: अजय टम्टा

## पंतनगर विश्वविद्यालय में श्रीअन्न संगोष्ठी पर उत्पादों की प्रदर्शनी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**पंतनगर।** गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर में चल रहे तीन दिवसीय श्रीअन्न उत्सव के अंतिम दिन विक. सित राष्ट्र के लिए भारत में श्रीअन्न की पुन: खोज (रिमाइंडर-2025) विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इस अवसर पर भारत सरकार के राज्य सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री अजय टम्टा मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कृषि विज्ञान केन्द्र और स्वयं सहायता समूहों द्वारा आयोजित श्रीअन्न उत्पादों की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और विश्वविद्यालय द्वारा श्रीअन्न संवर्धन के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने श्रीअन्न को सांस्कृतिक विरासत और पोषण सुरक्षा का प्रतीक बताते हुए, इसके उत्पादन, प्रसंस्करण व विपणन को प्रोत्साहन देने की सरकारी प्रतिबद्धता दोहराई। साथ ही, श्रीअन्न



को सार्वजनिक वितरण प्रणाली व पोषण योजनाओं में शामिल करने की दिशा में प्रयासों की घोषणा की। विशिष्ट अतिथि वीर शेट्टी पाटिल (मिलेट मैन, तेलंगाना) ने श्रीअन्न आधारित उद्यमिता में अपनी सफलता साझा करते हुए युवाओं को इसके व्यवसायिक उपयोग हेतु प्रेरित किया। कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने पंतनगर विश्वविद्यालय को श्रीअन्न क्रांति का अगुवा बताते हुए बताया कि अब सप्ताह में दो दिन विश्वविद्यालय के सभी 23 छात्रावासों में श्रीअन्न से बने भोजन परोसे जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि श्रीअन्न की एक नई प्रजाति विकसित करने के लिए विश्व. विद्यालय प्रयास करेगा जो पर्वतीय किसानों के लिए भी उपयोगी होगी। कार्यक्रम संयोजक एवं निदेशक शोध डा. एएस नैन ने श्रीअन्न को कुपोषण दूर करने और ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने का माध्यम बताया। आयोजन सचिव डा. एएस जीना ने जानकारी दी कि जनरल बिपिन सिंह रावत संस्थान द्वारा वाद-विवाद, पोस्टर, स्लोगन और व्याख्यानमाला जैसी कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विजेता छात्रों को मुख्य अतिथि एवं कुलपति द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डा. अर्चना कुशवाहा एवं अन्य लेखकों द्वारा श्रीअन्न पर आधारित 77 व्यंजनों की पुस्तक का विमोचन किया गया। अपराह्न सत्र में आयोजित तकनीकी चर्चा में डा. सत्येन यादव, डा. मुजिबर रहमान खान एवं श्री वीर शेटी पाटिल ने श्रीअन्न पर विस्तृत व्याख्यान दिए। शोधार्थियों और प्रतिभागियों द्वारा मौखिक व पोस्टर प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम का समापन डा. पीके सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस संगोष्ठी में शोधकर्ताओं, किसानों, महिला स्वयं सहायता समूहों, छात्रों और विश्व. विद्यालय के संकाय सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही।

## दैवीय आपदा से घबराए ग्रामीण

**बागेश्वर।** ग्राम मैठरा में बीते दिनों आई भीषण आपदा से ग्रामीणों के आवासीय भवन खतरे की जद में आ गए है। ग्रामीण अपने घरों को छोड़कर गांव में अन्य लोगों के घर में आश्रय लेकर रह रहे हैं। पीड़ित परिवार शनिवार को मदद की गुहार लगाते हुए डीएम कार्यालय पहुंचे। यहां ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए जल्द आपदा पीड़ित 7 परिवारों को अन्यत्र स्थापित करने की मांग की गई। ग्राम प्रधान मोहन सिंह के नेतृत्व में डीएम दरबार पहुंचे ग्रामीणों ने कहा कि बीते दिनों हुई भीषण बारिश व क्षेत्र में पूर्व में किए गए खड़िया खनन से गांव खतरे की जद में आ गया है। ग्रामीणों के आवासीय घरों के पास लगातार भू धंसाव हो रहा है। जिससे 6 इंची से 1 फिट तक की मोटी दरारें आ चुकी है। उन्होंने कहा कि गांव में कुल 14 परिवार निवास करते है। जिसमें से 7 परिवारों के घर पूरी तरह से खतरे की जद में आ चुके है। पीड़ित परिवार गांव के अन्य लोगों के यहां शरण लेकर ठहरे हुए हैं।

## एक नजर

### भाजपा ने कांग्रेस नेताओं का पुतला फूंका

**बागेश्वर।** गैरसैण विधानसभा सत्र को प्रभावित करने की मंशा से पहुंचे कांग्रेस नेताओं की भाजपा कार्यकर्ताओं ने निंदा की। कार्यकताओं ने विधानसभा कक्ष में बिस्तर डालकर सोने जैसे कृत्य की घोर निंदा करते हुए कांग्रेस नेताओं का पुतला दहन किया। शनिवार को भाजपा जिला महामंत्री संजय परिहार के नेतृत्व में कार्यकर्ता एसबीआईए तिराहे पर एकत्र हुए। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा विधानसभा भवन मंदिर में जो बिस्तर लगाने का कार्य किया गया। पूरे सत्र में लोगों की समस्याएं न रखने के बजाय पूरे सत्र का विरोध किया गया। जो का कांग्रेस नेताओं की सुनियोजित मंशा थी। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी के सभी विधायक एवं नेता प्रतिपक्ष का पुतला दहन किया गया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष विवेक तिवारी, जिला मीडिया प्रकाश शाह, प्रमोद मेहता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा आर्य, महेश खेतवाल, रमेश तिवारी, दीपक जोशी, भावना गढ़िया, महेश नेगी, महिपाल चौधरी, सुनीता टम्टा आदि मौजूद थे।

### मारपीट के मामले में सज़ा बरकरार

**नैनीताल।** द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुलदीप शर्मा की ओर से वर्ष 2015 में हुई मारपीट के मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की ओर से वर्ष 2022 में सुनाई गई सजा को बरकरार रखा है। 22 मई 2022 अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ज्योत्सना की ओर से अरोपी अमरदीप मान, गुरमेहर मान, मोहित मौलेखी एक-एक वर्ष के कठोर कारावास और चार हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई थी। घटनाक्रम के मुताबिक अधिवक्ता अनिरुद्ध भट्ट की ओर से 23 अक्टूबर 2015 को मामले की प्राथमिकी मल्लीताल कोतवाली में दर्ज कराई गई। कहा कि उस रोज वह बोट हाउस क्लब में थे। रात्रि 9.30 बजे वह रिशेप्सन के समीप की सीढ़ी से ऊपर लघु शंका के लिए जाने लगे तभी अमरदीप मान, गुरमेहर मान व मोहित मौलेखी ने पहले उसका रास्ता रोका और उसके साथ मारपीट की, जिससे वह चोटिल हो गए। मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र होने के बाद वह वहां से भाग गए। मोहित ने जान से मारने की धमकी भी दी। हमले के कई प्रत्यक्षदर्शी भी हैं। विभिन्न गवाहों के बयान व दोनों पक्षों की बहस के बाद सीजेएम की न्यायालय ने आरोपियों को सजा सुनाई। आरोपियों की ओर से इस सजा को चुनौती देते हुए द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश में वाद दायर किया। जिसमें दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद शुक्रवार को एडीजे ने निचली अदालत की सजा को बरकरार रखा है।

### नवोदय में विधिक जागरूकता शिविर

**बागेश्वर।** राजकीय नवोदय विद्यालय सिमार में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मोहन राम, असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउन्सल बागेश्वर द्वारा बच्चों को राष्ट्रीय ध्वज एवं प्रतीक चिन्हों/निशानों के सम्मान, साईबर क्राइम, नालसा हेल्पलाइन नम्बर 15100 एवं मादक पदार्थ से होने वाले दुष्परिणाामों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी। शिविर में नवल किशोर भट्ट, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सल सहित अन्य मौजूद थे।

### अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज के स्थाई प्राचार्य बने डा. सीपी भैसोड़ा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** मेडिकल कॉलेज अल्मोड़ा को अब स्थाई प्राचार्य मिल गया है। शनिवार को स्थाई प्राचार्य के रूप में डा. सीपी भैसोड़ा ने नियुक्ति ले ली है। इस पर कॉलेज कर्मचारियों ने उन्हें बधाई दी। मेडिकल कॉलेज अल्मोड़ा को चार सत्र पूरे होने के बाद स्थाई प्राचार्य मिल पाया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से राज्य के अन्य मेडिकल कॉलेजों के साथ अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज में भी स्थाई प्राचार्य की तैनाती कर दी गई है। प्रभारी प्राचार्य रहे डा. सीपी भैसोड़ा को ही यहां स्थाई प्राचार्य के रूप में नियुक्त किया गया है। डा. सीपी भैसोड़ा पिथौरागढ़ जिले के थल के मूल निवासी हैं। शनिवार को उनकी ओर से मेडिकल कॉलेज में प्राचार्य का कार्यभार ग्रहण किया गया। इस पर मेडिकल कॉलेज के स्टाफ की ओर से उन्हें बधाई दी गई। यहां बधाई देने वालों में डा. अनिल पांडे, डा. भारत भूषण, डा. निधि मंगला, डा. प्रीत इंदर, प्रवीन बोरा, राकेश नेगी, अमित कांडपाल आदि रहे।

### प्रयोगशाला सहायक की परीक्षा को लेकर बनाएं गए छह केंद्र

**अल्मोड़ा।** नगर के छह परीक्षा केंद्रों में रविवार को प्रयोगशाला सहायक की लिखित परीक्षा आयोजित होगी। इसको लेकर प्रशासन की ओर से तैयारी पूरी कर ली गई है। परीक्षा पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर एक बजे के बीच संचा. लित होगी। एसडीएम सदर संजय कुमार ने बताया कि नगर में यूकेएसएसएससी की ओर से प्रयोगशाला सहायक के पदों के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन होना है। परीक्षा के लिए आर्य कन्या इंटर कॉलेज, राज आनन्द सिंह राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, अटल उत्कृष्ट इंटर कॉलेज, एसएसजे लोअर कैम्पस, एसएसजे मिडिल और अपर कैंपस को केंद्र बनाया गया है। बताया कि परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में धारा 163 लागू रहेगी। कोई भी व्यक्ति इस दायरे में अस्त्र-शस्त्र, धारदार हथियार, लाठी डंडा लेकर नहीं चलेगा। इनके अलावा परीक्षा केंद्रों के आसपास पांच से अधिक लोग झुंड में नहीं चलेंगे। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बताया कि परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपादित करने के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## रात में बारिश, दिन में चटख धूप से धंसी चट्टानें

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जिले में लगातार मौसम बदल रहा है। रात में भीषण बारिश व दिन में चटक धूप से पहाड़ी चट्टान धंस रहे हैं। जिससे लगातार आपदा हालत बने हुए है। समूचे जिले में पिछले तीन दिनों ने मौसम ने नया रुख इख्तियार किया है। दिन भर चटक धूप है। शाम होते ही बारिश का मौसम बन रहा है। जिसके बाद बदल पूरी रात बरस रहे है। शनिवार को एक बार फिर जिले के समूचे विद्यालय बंद रहे। हालांकि शनिवार सुबह से मौसम खुला रहा। दिन भर चटक धूप खिली रही। शाम को आसमान बदलो से घिरा रहा। वही दूसरी ओर जिले में हो रही बारिश और धूप से पहाड़ियां दरकने लगे है। जो धूप में धंसकर गिर रहे है। जिला आपदा कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील गरुड़ के कंचन सिंह पुत्र रतन सिंह निवासी ग्राम दाड़िमखेत के आवासीय मकान का आंगन क्षतिग्रस्त हुआ है। तहसील कपकोट के प्रताप राम पुत्र कल्याण राम निवासी ग्राम हरसिला के आवासीय मकान का आंगन क्षतिग्रस्त हुआ। पार्वती देवी पत्नी भूपेश राम निवासी ग्राम हरसिला के आवासीय मकान का आंगन क्षतिग्रस्त हुआ। ग्राम पंचायत हरसिला के 13 कास्तकारों एवं ग्राम पंचायत के 2 कास्तकारों की धान की फसल मलुवे में दब कर क्षतिग्रस्त हो गयी है। तहसील काफलीगैर के गोपाल सिंह पुत्र दलीप सिंह निवासी ग्राम सकार पैठाण के आवासीय मकान का आंगन क्षतिग्रस्त हो गया है।

## तहसील के कार्यकलापों को देखा डीएम ने

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने शनिवार को तहसील परिसर कांण्डा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान तहसीलदार निशिका आर्य को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण में उन्होंने प्रमाण पत्रों का समय पर निर्गमन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि बायोमेट्रिक उपस्थिति मशीन कार्यरत रहे और समस्त कार्मिक उपस्थिति बायोमेट्रिक से लगाना सुनिश्चित करें। सेवा पुस्तिकाओं का त्वरित निस्तारण हो और कोई भी प्रकरण लंबित न रहे। उन्होंने अभिलेखों का संधारण अव्यवस्थित पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की तथा राजस्व मैनुअल का अध्ययन कर कार्य करने, सभी रजिस्टर एवं अभिलेख



सुव्यवस्थित रखने, स्वच्छता बनाए रखने, सेवा का अधिकार अधिनियम का पालन करने एवं आपदा प्रबंधन सामग्री व्यवस्थित रूप से रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने तहसील भवन के कार्य की गुणवत्ता पर असंतोष जताते हुए कार्यदायी संस्था को शो-कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांण्डा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने दवा कक्ष, दवाओं की उपलब्धता, विभिन्न वार्डों, ओपीडी आदि की जांच की। निरीक्षण के दौरान कुछ चिकित्सकों की अनुपस्थिति पर चिकित्सा प्रभारी डा. दिवाकर को अनुपस्थित चिकित्सकों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिकरत पेटी की नियमित जांच पर जोर दिया। उन्होंने अस्पताल में स्वच्छता बनाए रखने, स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं व नीतियों की जानकारी दीवारों पर प्रदर्शित करने एवं रोगियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर बल दिया। उन्होंने स्पर्श निर्देश दिए कि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान जिला. धिकारी कांडा कन्याल गांव भी पहुंचे, जहां हाल के दिनों में मलबा गिरने से 5 परिवार प्रभावित हुए थे। उन्होंने ग्रामीणों से भेंट कर उनकी समस्याओं का संज्ञान लिया। इस अवसर पर तहसीलदार निशिका आर्य ने अवगत कराया कि प्रभावित परिवारों को राशन एवं त्रिपाल आदि सामग्री वितरित कर दी गई है तथा प्रशासन हर संभव मदद पहुंचने के लिए प्रतिबद्ध है।

## क्लस्टर स्कूल योजना के विरोध में उतरे अभिभावक

**अल्मोड़ा।** राजकीय कन्या हाईस्कूल गुणादित्य का क्लस्टर स्कूल योजना के तहत अन्य विद्यालय में समायोजन किए जाने पर अभिभावकों ने रोष व्यक्त किया है। विद्यालय के अन्यत्र विलय का निर्णय वापस नहीं लिए जाने पर अभिभावकों ने मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना देने की चेतावनी दी है। राजकीय कन्या उच्च्तर माध्यमिक विद्यालय पाली गुणादित्य का अटल उत्कृष्ट इंटर कालेज पालीगुणादित्य में विलय किए जाने पर विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं के अभिभावकों ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। अभिभावकों का कहना है कि बालि. का शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए काफी संघर्ष के बाद इस कन्या हाईस्कूल की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि अधिकारी बिना धरातल पर उतरे अव्यवहारिक योजनाएं बना रहे हैं। यह विद्यालय उत्तराखंड बोर्ड का विद्यालय है। जिसे सीबीएसई बोर्ड के विद्यालय में विलय किया जा रहा है। जोकि अत्यंत ही अव्यवहारिक एवं अजीबोगरीब निर्णय है। उन्होंने कहा कि इससे छात्रों एवं उनके अभिभावकों के सामने उलझन पैदा हो गई है। अभिभावकों ने प्रधानाध्यापिका के माध्यम से सीईओ अल्मोड़ा को ज्ञापन प्रेषित करते हुए इस अव्यवहारिक आदेश को वापस लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा नहीं किया गया तो अभिभावक सीईओ कार्यालय आकर धरना प्रदर्शन करेंगे। जिसकी जिम्मेदारी विभाग की होगी। ज्ञापन देने वालों में शेखर चंद्र, भुवन चंद्र, बिशन सिंह, हेमा देवी, हीरा राम, विद्या देवी, रेखा देवी, नीमा देवी जानकी देवी, हरीश राम, जगदीश राम, महेश चंद्र, नंदा बल्लभ आदि शामिल रहे।

## विद्यार्थियों को डीएम ने दिए टिप्स

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने राजकीय महाविद्यालय कांण्डा में संस्थान द्वारा आयोजित दीक्षारम्भ कार्यक्रम में प्रतिभाग कर विद्यार्थियों को सफलता एवं उत्कृष्टता के मंत्र दिए। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया, उनके प्रश्नों के उत्तर दिए तथा प्रेरणादायक विचार साझा किए। जिलाधिकारी ने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

दूरस्थ क्षेत्र में स्थित होने के बावजूद महाविद्यालय की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि ष्छोटा परिसर होने से विद्यार्थियों को संकाय के साथ गहन संवाद का अवसर मिलता है, इसका लाभ उठाते




हुए आप शोधोन्मुख और अवधारणात्मक रूप से सशक्त बनें। उन्होंने विद्यार्थियों को छोटे-छोटे क्लब बनाकर समूह में कार्य करने, परस्पर सीखने और आत्मविकास के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम उपरांत जिलाधिकारी ने परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद उन्होंने निर्माणाधीन बहुउद्देश्यीय हॉल और विज्ञान प्रयोगशालाओं का निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निर्माण के निर्देश दिए। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डा. मधुलि. का पाठक, संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## विभाजन विभीषिका के पीड़ितों ने महापौर दीपक बाली का जताया आभार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** नगर निगम पहुंचे विभाजन विभीषिका पीड़ित परिवारों के बुजुर्गों का महापौर दीपक बाली ने स्वागत करते हुए कहा कि देश की आजादी में दिए गए उनके परिवारों के महान योगदान के प्रति हम सभी कृतज्ञ हैं।। वही 1947 विभाजन विभीषिका के पीड़ित इन परिवारों के गढ़ीनेगी क्षेत्र से आए इन बुजुर्गों ने भी महापौर दीपक बाली का आभार



व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि महापौर ने शानदार कार्यक्रम आयोजित कर विभीषिका पीड़ितों को जो सम्मान दिया उसे हम कभी नहीं भूल सकते। इन्होंने महापौर को अपना आशीर्वाद भी दिया। इन बुजुर्गों में पहलवान चंद वर्मा, बाबूराम बाठला, सुरेंद्र चराया आदि रहे जिनके साथ सचिन बाढला, पुनीत बाढला, मुकेश चावला, सौरभ बाढला आदि भी थे। वहीं दूसरी ओर नगर निगम कार्यालय पहुंचे जसपुर ब्लॉक क्षेत्र के अध्यक्ष प्रधान संघ गुरमेज सिंह, महामंत्री प्रधान संघ मोहम्मद दानिश, उपाध्यक्ष प्रधान संघ आशीष चौहान, ग्राम प्रधान क़िलावली किशोर कुमार, ग्राम प्रधान बाँसखेड़ा खुर्द श्री बोरा का महापौर ने स्वागत किया और उनके सफल राजनीतिक जीवन की शुभकामनाएं दी।

## पहले-दूसरे सेमेस्टर में बैक वाले विद्यार्थियों का पांचवे में होगा प्रवेश

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** सोबन सिंह जीना विवि में पांचवे सेमेस्टर में ऐसे छात्र-छात्राओं को भी प्रवेश मिल जाएगा जिनकी पहले-दूसरे सेमेस्टर में बैक थी, लेकिन उनकी तीसरे व चौथे सेमेस्टर में 50 फीसदी क्रेडिट उत्तीर्ण होनी चाहिए। छात्रों की मांग के बाद विवि प्रशासन ने यह निर्णय लिया है। विवि में नई शिक्षा नीति के तहत स्नातक पांचवे सेमेस्टर में प्रवेश के लिए पहले व दूसरे सेमेस्टर के सभी विषयों में पास होना जरूरी था। वहीं, तीसरे और चौथे सेमेस्टर को मिलाकर आधे से अधिक क्रेडिट होना चाहिए थे। तब ही उन्हें पांचवे सेमेस्टर में प्रवेश मिल रहा था। इस कारण कई छात्र-छात्राओं को प्रवेश नहीं मिल पा रहा था। प्रवेश नहीं मिलने पर छात्रों का पूरा एक साल बर्बाद होता। पहले उन्हें पहले व दूसरे सेमेस्टर में फेल हुए विषयों में पास होना पड़ता तब जाकर ही वह प्रवेश ले सकते थे। इस कारण छात्र विवि से तीसरे व चौथे सेमेस्टरों के क्रेडिटों के आधार पर प्रवेश देने की मांग कर रहे थे। अब छात्रों की मांग के बाद विवि की ओर से यह व्यवस्था बदल दी गई है। पहले व दूसरे सेमेस्टर में बैक होने पर भी छात्र पांचवे सेमेस्टर में प्रवेश ले सकेंगे। विवि प्रशासन के अनुसार, प्रवेश के लिए तीसरे और चौथे सेमेस्टर को मिलाकर छात्र के आधे से अधिक क्रेडिट होने अनिवार्य हैं। विवि के परीक्षा नियंत्रक प्रो. पंकज कुमार साह ने बताया कि जिन छात्र-छात्राओं ने तीसरे वे चौथे सेमेस्टर में 50 फीसदी क्रेडिट उत्तीर्ण किए हैं। उन्हें पांचवे सेमेस्टर में प्रवेश मिल जाएगा।

## शहर चमकाने राजनीति में आया हूं: दीपक बाली

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** नगर की अनाज मंडी के व्यापारियों ने मंडी गेस्ट हाउस में महापौर दीपक बाली का जोरदार स्वागत करते हुए कहा कि अब काशीपुर को एक ऐसा नेता मिला है जिसकी कार्य प्रणाली को देखकर जनता का विश्वास जगा है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में वह काशीपुर की दिशा और दशा बदल देंगे। महापौर श्री बाली ने कहा कि व्यापारियों ने उन्हें जो प्यार और सम्मान दिया है उसके प्रति वे हमेशा उनके आभारी रहेंगे और व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के प्रति समर्पित रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में धामी सरकार है और यह सरकार केवल शिलान्यास नहीं बल्कि लोकार्पण में विश्वास करती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री धामी



काशीपुर के प्रति बहुत प्यार रखते हैं और उन्हीं के नेतृत्व में काशीपुर निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। उन्हीं के आशीर्वाद से शीघ्र ही 1850 करोड़ रुपए की जिन योजनाओं पर काम चल रहा है उनके क्रियान्वित होते ही बदला हुआ काशीपुर नजर आएगा। उन्होंने साफ कहा कि मैं किसी स्वार्थवश राजनीति मैं नहीं आया बल्कि अपने शहर को चमकाने और जनता की सेवा करने आया हूं और तब तक कुर्सी पर हूं जब तक बेहतर काम करूंगा। अगर बेहतर सेवा नहीं कर पाया तो कुर्सी छोड़ दूंगा और जो मेरे से बेहतर होगा उसे काम करने का मौका दूंगा। व्यापारियों ने उन्हें अपना पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा जिस पर उन्होंने कहा कि यूपी की तरह मंडी शुल्क ढाई की बजाय डेढ़ प्रतिशत करने और हल्द्वानी की तर्ज पर दुकान लीज पर देने और धान की खेती पर लगी रोक हटवाने के संबंध में वे शासन स्तर पर वार्ता कर समाधान कराएंगे। मंडी परिसर में बनी पानी की टंकी के टपकने से पेयजल की हो रही समस्या, सड़कों के आधा अधूरे निर्माण, और शौचालय होने के बावजूद उसका उपयोग न होने से उत्पन्न समस्याओं के समाधान हेतु उन्होंने तत्काल मौके पर मौजूद मंडी सचिव योगेश तिवारी को व्यापारियों के साथ बैठकर समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए और कहां की अगर समस्याओं के निस्तारण में कहीं कोई दिक्कत हो तो मुझे बताएं उनका समाधान में खुद करूंगा। स्वागत करने वाले मंडी के व्यापारियों में गोपाल कृष्ण अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, अशोक शर्मा, दिवाकर यादव, अशोक पैगिया, संदीप पैगिया, गौरव अग्रवाल, लवीश अरोरा, अंकुर अग्रवाल, प्रकट सिंह, अमरीक सिंह, किशन बत्रा, राजीव अरोरा, नितिन गुप्ता, पंकज अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, उमेश कुमार, निखिल सेतिया, प्रिंस अग्रवाल, शानू, सलीम अहमद, सहित दर्जनों व्यापारी एवं किसान मौजूद रहे।

## जनसंख्या नियंत्रण के लिए उल्टा पैदल मार्च

### 30 वर्षों से अनूठी मुहिम छेड़ हुए है मेरठ निवासी तलवार दम्पति

**अफ़ज़ल हुसैन फौजी**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल पहुंचे मेरठ निवासी तलवार दंपत्ति ने एक बार फिर अपने अनोखे अभियान के जरिये जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग की। दिनेश तलवार और उनकी पत्नी दिशा तलवार बीते 30 वर्षों से पूरे देश में उल्टा पैदल मार्च कर लोगों को बढ़ती जनसंख्या के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर रहे हैं।

दंपत्ति ने नैनीताल की माल रोड, पंत पार्क और अन्य स्थलों में उल्टा चलते हुए लोगों को बढ़ती जनसंख्या के परिणाम के बारे में बताया। उन्होंने लोगों को जागरूक किया कि बढ़ती आबादी देश की आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय स्थिति पर भारी बोझ डाल रही है। इस दौरान दिनेश तलवार ने बताया कि वर्ष 1992 से उन्होंने इस



अभियान की शुरुआत की थी। तब से अब तक वे 400 से अधिक शहरों में पदयात्रा कर चुके हैं और करीब एक लाख पत्र सरकार तक भेज चुके हैं। उनका कहना है कि नरसिम्हा राव सरकार से लेकर अब तक हर प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया, लेकिन किसी ने इस विषय पर गंभीरता नहीं दिखाई। उन्होंने कहा कि अब तक सिर्फ उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उनसे मुलाकात की और उनकी बात सुनी है। तलवार दंपत्ति ने बताया कि 2010 में उन्होंने मेरठ के जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर लगातार 365 दिन तक रामधुन गाकर ज्ञापन सौंपा था, लेकिन उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया। बावजूद इसके उनका संघर्ष जारी है। उनका कहना है कि जब तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनसे नहीं मिलते और जनसंख्या नियंत्रण पर ठोस कानून लागू नहीं होता तब तक वे अपने परिवार के साथ उल्टा पदयात्रा जारी रखेंगे। अब तलवार दंपत्ति नैनीताल से आगे दिल्ली रवाना होंगे और जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर अपनी मांग को एक बार फिर केंद्र सरकार तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते जनसंख्या नियंत्रण कानून नहीं बनाया गया तो देश को गंभीर सामाजिक और आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा। इस दौरान तलवार दंपत्ति का कहना है कि वे अनोखे तरीके से उल्टा चलकर लोगों का ध्यान खींचते हैं, ताकि समाज इस गंभीर विषय पर सोचने को मजबूर हो। उनका विश्वास है कि जागरूकता और जनदबाव से ही सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठाने को विवश होगी।

## फूंका भाजपा-कांग्रेस का पुतला

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** पंचायत चुनाव में द्वाराहाट में हुई फायरिंग और अपहरण की घटनाओं को लेकर उत्तराखंड क्रांति दल ने शनिवार को भाजपा और कांग्रेस का पुतला फूंका। कहा कि राजनीतिक लाभ लेने के लिए दोनों ही पार्टियों ने क्षेत्र के माहौल को बिगाड़ने का काम किया। उक्रांद जिलाध्यक्ष जगदीश सिंह रौतेला ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों ने ब्लाक प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्ष चुनावों में अपहरण, गोलीबारी, मारपीट और खुलेआम गुंडागर्दी की। दोनों ही पार्टियों ने क्षेत्र में अराजकता का माहौल बनाकर देवभूमि को शर्मसार किया। उन्होंने दोनों दलों पर गैरसैण को स्थाई राजधानी नहीं बनाएं जाने को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए। कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज कर यूकेडी गैरसैण को स्थाई राजधानी बनाने का सपना पूरा करेगी।

## समूह गायन प्रतियोगिता आयोजित

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** ग्रीन हिल्स ट्रस्ट द्वारा अल्मोड़ा लिट्रेचर फेस्टिवल के अंतर्गत महिलाओं की पारंपरिक कुमाऊंनी लोकगीत समूह गायन प्रतियोगिता का आयोजन शिखर होटल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ



साहित्यकार व रंगकर्मी त्रिभुवन गिरी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने प्रतिभागियों का प्रोत्साहन करने के साथ-साथ इस प्रतियोगिता के आयोजन के लिए अल्मोड़ा लिट्रेचर फेस्टिवल के प्रयास की सराहना भी की। प्रतियोगिता में नगर की 13 महिला टीमों ने भाग लिया, जिन्होंने कुमाऊं की समृद्ध लोक परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को सुरों और लयों के माध्यम से जीवंत किया। प्रतियोगी के निर्णायक मंडल में नवीन बिष्ट, लता पांडे और राजेंद्र नयाल शामिल रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अनिल सनवाल, मीता उपाध्याय, रीता दुर्गापाल, शोभा जोशी, डीएस बिष्ट, आनंद सिंह सतवाल, रूप सिंह बिष्ट, गिरीश मल्होत्रा मौजूद रहे। प्रतिभागी टीमों द्वारा पारंपरिक शकुन आंखर, मंगल गीत (धूलि अरघ), झोड़ा, छपेली, चांचरी, एवं अन्य विभिन्न अवसरों पर गाए जाने वाले गीतों को प्रस्तुत किया। इस दौरान संगतकार के रूप मे हार्मोनियम वादक जगमोहन एवं हुड़का वादक नारायण सिंह थापा रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध वरिष्ठ लोक कलाकार कृष्ण मोहन सिंह बिष्ट (नन दा) को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। आयोजन शिखर होटल और मोहन्स कैफे के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य कुमाऊंनी लोक संस्कृति को संरक्षित एवं प्रोत्साहित करना रहा। इस प्रतियोगी के परिणाम 10-12 अक्टूबर को मल्ला महल में आयोजित होने वाले अल्मोड़ा लिटरेचर फेस्टिवल-2025 के मंच से घोषित किए जाएंगे। कार्यक्रम का संचालन मीनाक्षी पाठक ने किया। इस दौरान आयोजक टीम में वसुधा पंत, दीपा गुप्ता, राजेश बिष्ट, मनोज गुप्ता, दीपक जोशी, भूषण पांडे, आदित्य बोरा आदि मौजूद रहे।

# दरऊ गोलीकांड में गिरफ्तारी न होने पर भाजपाइयों का फूटा गुस्सा

- पुलिस पर लापरवाही का लगाया आरोप
- हमलावरों की शीघ्र गिरफ्तारी न होने पर आंदोलन की चेतावनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** क्षेत्र के ग्राम दरऊ में बीती 18 अगस्त को हुई फायरिंग में युवक आलिम की मौत के बाद से क्षेत्र का माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। घटना के छह दिन बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से आक्रोशित भाजपाइयों ने शनिवार को नगर मंडल कार्यकारिणी के नेतृत्व में कोतवाली पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर लाप. रवाही का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही दोषियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

गौरतलब है कि 18 अगस्त को ग्राम दरऊ में एक पक्ष द्वारा की गई ताबड़तोड़ फायरिंग में आलिम नामक युवक की मौत हो गई थी। मामले में 20 नामजद और 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। लेकिन घटना के छह दिन बाद भी कोई गिरफ्तारी न होने से मृतक पक्ष व भाजपा कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त है। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस क्षेत्रधिकारी भूपेंद्र सिंह धौनी का घेराव करते हुए आरोप लगाया कि हमलावरों की साजिश की जानकारी तीन दिन पहले ही दरऊ चौकी पुलिस को दी गई थी।

बावजूद इसके पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया, जिससे हमलावरों के हौसले बुलंद हुए और वारदात को अंजाम दिया गया। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह उर्फ गोल्डी ने कहा कि यदि शीघ्र गिरफ्तारी नहीं हुई तो पुलिस के खिलाफ कड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर भाजपा के पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना, संजीव खन्ना, सोनू सभासद, प्रकाश पंत, शाहिद समेत तमाम कार्यकर्ताओं ने आरोपियों के खिलाफ कुर्की वारंट जारी करने की मांग उठाई। वहीं, पुलिस क्षेत्रधिकारी भूपेंद्र सिंह ने प्रदर्शनकारियों को आश्वस्त किया कि सभी आरो. पियों को जल्द ही गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि अपराधी फरार होने की फिराक में होंगे तो भी पुलिस उन्हें हर हाल में दबोचेगी। प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में कोतवाली परिसर में एकत्र हुए। इस दौरान जमकर नारेबाजी हुई और अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग उठी। यहां नाजिम मलिक, गफ्फार खान, ओम तनेजा, चंदन जायसवाल, हीरा सरकार, सतीश गुप्ता, पूरन भट्ट, व्यापार मंडल अध्यक्ष विजय अरोड़ा, नितिन फुटेला, राजकुमार प्रधान, धनीराम सागर, सहित कई भाजपा कार्यकर्ता व पीड़ित पक्ष के लोग मौजूद रहे।

# किसानों के साथ कलेक्ट्रेट में गरजे विधायक बेहड़

- एडीएम से की किसानों को यूरिया दिलाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** किच्छा के विधायक तिलकराज बेहड़ ने क्षेत्र के दर्जनों किसानों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ कलक्ट्रेट पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया और एडीएम को एक ज्ञापन सौपकर क्षेत्र के किसानों को वर्तमान में हो रही यूरिया खाद की समस्या का समाधान करने की मांग की। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि जिले में किसानों को यूरिया खाद की आपूर्ति न होने के कारण वह परेशान हैं।

कृषि प्रधान जिला होने के कारण अधिकतर आबादी कृषि पर ही निर्भर है। उन्होंने कहा कि सरकार सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को यूरिया खाद उपलब्ध कराती है। पिछले करीब 15 दिनों से किसानों को समय पर यूरिया खाद नहीं मिल पा रही है। जबकि खाद की खुलेआम ब्लैक की जा रही है। इतना ही नहीं दुक. ानदार किसानों को खाद के साथ कीटनाशक लेने के लिए भी बाध्य कर रहे हैं। खाद का उपयोग न करने से किसानों की उपज प्रभावित होती है।

श्री बेहड़ ने ज्ञापन में किसानों को उनकी आवश्यकतानुसार खाद उपलब्ध कराने की मांग की । एडीएम पंकज उपाध्याय श्री बेहड़ को आश्वस्त किया कि वह इस सन्दर्भ में आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

इस दौरान प्रेमानंद महाजन, राजेन्द्र दास, हरीश बावरा, रमेश तिवारी, दर्शन कोली, ओम प्रकाश, दलजीत सिंह, राजेश प्रताप सिंह, निशांत शाही, शिशुपाल सिंह, मो. अशफाक, उमर अली, मोहन खेड़ा, सुनील जडवानी, उमा सरकार , मोहित सिंह, मेजर सिंह, हैरी सिंह, राजेन्द्र शर्मा, बिशन सिंह कोरंगा, महिपाल सिंह, असलम, शरीफ अहमद, ओम प्रकाश, जुगल किशोर चराया, विरेंद्र मण्डल, विपिन चौहान, सोनू चौहान, नवीन सिंह, राजेन्द्र सिंह मक्कड़, सुभाष बेहड़, हरप्रीत सिंह, सुमित राय, संजीव रस्तोगी, रविन्द्र गुप्ता, गुरदयाल सिंह, हरविंदर सिंह, मोनिका ढाली, दिनेश गुप्ता, बालम सिंह, कैलाश जोशी, विजय, निर्भय सिंह, काफिल अहमद, भीम ठुकराल, भूरा, अरविंद आर्य, अशोक ठुकराल, साहब सिंह, बलविन्दर सिंह, जरनैल सिंह आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** पुलभट्टा क्षेत्र में एक युवती ने युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण और हत्या के प्रयास का आरोप लगाया है।

युवती ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसकी मुलाकात 6-7 वर्ष पूर्व हरेन्द्र पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी ग्राम भंगा से हुई थी। हरेन्द्र लंबे समय से उसे शादी का आश्वासन देकर शारीरिक संबंध बनाता रहा। युवती का कहना है जब उसने विवाह के लिए दबाव बनाया तो आरोपी टालमटोल करता रहा। नवम्बर 2025 तक शादी की बात कहकर बहकाता रहा। आरोप है कि 11 अगस्त 2025 को हरेन्द्र उसे किच्छा से रुद्रपुर ले गया, जहां होटल में जबरन शारीरिक शोषण किया। बाद में पीले रंग की कोल्डड्रिंक पिलाई, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। पीड़िता को किच्छा के निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां से उसे रेफर कर दिया गया। परिजन उसे रुद्रपुर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने बताया कि उल्टी से जहरीला पदार्थ निकला है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने जान से मारने की नीयत से जहर दिया था।

### छात्र को बेरहमी से पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आदित्य नाथ झा राजकीय इंटर कालेज के छात्र को कालेज के ही कुछ छात्रों ने सरेआम बुरी तरह पीट दिया। राह चलते लोगों के बीच बचाव करने पर हमलावर फरार हो गए। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस से न्याय की गुहार लगायी है।

जानकारी के मुताबिक झा कालेज में कक्षा नौ के छात्र गोविन्द शर्मा पुत्र महावीर शर्मा को कालेज के बाहर विद्यालय के ही कुछ छात्रों ने घेरकर बुरी तरह पीट दिया। राह चलते लोगों बीच बचाव कर गोविंद को हमलावरों की चंगुल से छुड़ाया और कोतवाली ले गए। पीड़ित का कहना है कि राह चलते लोग बीच बचाव नहीं करते तो हमलावर उसे जान से मार देते। उसने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### वीजा दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** विदेश भेजने के नाम पर एक एजेंट दंपत्ति और उसके सहयोगी पर लाखों रुपये की ठगी करने का आरोप लगा है। पीड़ितों ने थाना ट्रांजिट कैंप में तहरीर दी जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दलिप सिंह पुत्र स्व- किशन सिंह निवासी बिलसंडा, तहसील बिसलपुर, जिला पीलीभीत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गुरमुख सिंह व उसकी पत्नी सिमरन कौर, निवासी चिचौली, थाना मिलक, जिला रामपुर (उ.प्र.) तथा उनका सहयोगी पवनदीप सिंह रुद्रपुर में यूनिट्रेक ग्लोबल नाम से कार्यालय संचालित करते हैं। इन एजेंटों ने उनके पुत्र जसवीर सिंह को न्यूजीलैंड का वीजा दिलाने के नाम पर करीब डेढ़ वर्ष पूर्व 9,39,000 रुपये वसूले। लंबे समय तक आश्वासन देने के बाद भी न वीजा दिलाया गया और न ही पैसे लौटाए। पीड़ित द्वारा बार-बार रकम मांगने पर एजेंटों ने जान से मारने की धमकी दी और बाद में मोबाइल फोन बंद कर दिए। दलिप सिंह का आरोप है कि आरोपी दंपत्ति इस समय चोरी-छिपे अपनी ससुराल बसतापुर, थाना बंडा, जिला शाहजहांपुर में रह रहे हैं। इसी प्रकरण में जसप्रीत सिंह पुत्र प्यारा सिंह निवासी कुरिया कला, थाना बिलसंडा, पीलीभीत से भी 8,98,000 रुपये की ठगी की गई है। पीड़ित ने कहा कि एजेंटों से उनकी पहचान सुरजीत सिंह ने करवाई थी और वर्तमान में वही उन्हें अपने घर में पनाह दे रहा है। तहरीर में सभी लेन-देन और संबंधित कागजात संलग्न किए गए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चेयरमैन गित्ते ने किया पेयजल पाइप लाइन निर्माण का शिलान्यास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नगर पालिका परिषद के लोकप्रिय अध्यक्ष गुरजीत सिंह 'गित्ते' और सभासद जगतजीत सिंह ने संयुक्त रूप से नगर के वार्ड नंबर 11 भौना कॉलोनी में ममता भट्ट के घर से भौना बिराहा रोड तक 220 मीटर पेयजल पाईप लाईन निर्माण का शिलान्यास विधिवत पूजा अर्चना उपरांत नारियल फोड़कर किया।चेयरमैन गुरजीत सिंह गित्ते ने कहा कि बाजपुर नगर के प्रत्येक घर तक शुध्द पेयजल पहुंचाने के संकल्प के साथ पेयजल पाईप लाईन बिछवाई जा रही है। इस मौके पर जेई हरेन्द्र सिंह, ठेकेदार अनिल अरोरा, अनिल कुमार, दीपक कुमार, सपन कुमार, तिलक राठौर, महेन्द्र, कुलदीप, शिवा आदि उपस्थित रहे।

### दोराहा पुलिस ने तमंचा सहित किया एक अपराधी को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** एसएसपी मणिकांत मिश्रा के निर्देश पर सीओ विभव सैनी के नेतृत्व में बाजपुर कोतवाली एसएचओ प्रवीण सिंह कोश्यारी द्वारा बाजपुर में अपराध और अपराधियों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत दोराहा चौकी इंचार्ज रमेश चन्द्र बेलवाल मय पुलिस टीम द्वारा गश्त के दौरान हरलालपुर रोड से अपराधी अकील अहमद उर्फ करन पुत्र मोहम्मद जानी निवासी ग्राम कनोरी बाजपुर उधम सिंह नगर को अरेस्ट कर लिया है। पुलिस ने अरेस्ट अपराधी अकील अहमद उर्फ करन के पास से 315 बोर का एक अवैध तमंचा, मय 315 बोर का एक जिंदा कारतूस बरामद कर लिया है। पुलिस द्वारा अपराधी अकील अहमद उर्फ करन के विरुद्ध बाजपुर पर मुकदमा धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम पंजीकृत कर लिया है। पुलिस द्वारा अपराधी अकील अहमद उर्फ करन को न्यायालय में पेश किया जाएगा। दोराहा चौकी इंचार्ज रमेश चन्द्र बेलवाल ने बताया कि आगे भी दोराहा क्षेत्र में अपराधियों की गिरफ्तारी लगातार जारी रहेगी। पुलिस टीम में दोराहा चौकी इंचार्ज रमेश चन्द्र बेलवाल, एसआई सुनील कुमार, कांस्टेबल विजय पाल, कैलाश पांडे शामिल रहे।



### पालिकाध्यक्ष ने जन्म प्रमाण पत्र संबंधी दिक्कतों का मुद्दा उठाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** जिलाधिकारी उधम सिंह नगर के निर्देशानुसार/आदेश अनुसार खंड विकास कार्यालय ब्लॉक जसपुर में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं को लेकर लगाई गई। कार्यशाला में युवा अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद सम्राट द्वारा जन्म प्रमाण पत्र संबंधी दिक्कतों को अधिकारियों से साझा किया गया, जिसमें आमजन को जन्म प्रमाण पत्र बनवाने में आ रही कई प्रकार की दिक्कतों के बारे में जिला विकास अधिकारी,उप जिलाधिकारी व जिला पंचायत राज अधिकारीको बताया। मुख्य विकास अधिकारी सुशील कुमार डोभाल ने एसडीएम चतर सिंह चौहान को मौके पर ही उक्त समस्या के समाधान के लिए दिशा निर्देश जारी किए।

# बाजपुर का भगत सिंह चौक कभी हुआ करता था जनजीवन की धड़कन

## अब यहां रोज उड़ती धूल दुकानदारों और राहगीरों की सांसों में घोल रही है जहर



- राजनीतिक बेरुखी और व्यवस्था की विफलता का बना प्रतीक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नगर का भगत सिंह चौक कभी जनजीवन की धड़कन हुआ करता था। यहां से शहर की रौनक झलकती थी, लेकिन आज यह चौक ऊबड़ खाबड़ और धूल के कारण दुर्भाग्य का मंजर बनकर खड़ा है। यहां से दूर तक रोज उठती धूल न केवल दुकानदारों और राहग. ीरों की सांसों में जहर घोल रही है, बल्कि इस चौक को शहीद-ए-आजम के नाम के प्रति अनादर का प्रतीक बना चुकी है।

सबसे पीड़ादायक बात यह है कि जनता की इस तकलीफ को सुनने वाला कोई नहीं। स्थानीय भाजपा के कर्नल जनरल हों या कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलख़सब जनता के दर्द पर मूक-बधिर बने हुए हैं। नगर पालिका की चुप्पी आग में घी का काम कर रही है। इधर, भाजपा शासन में लोक निर्माण विभाग का काशीपुर मंडल, बाजपुर की अनदेखी कर, उपेक्षा का ऐसा जाल बुन रहा है जिसका खामियाजा हर नागरिक को भुगतना पड़ रहा है। यह चौक, केवल ऊबड़ खाबड़ सड़क का मंजर नहीं, बल्कि हमारी प्रशासनिक संवेदनहीनता, राजनी. तिक बेरुखी और व्यवस्था की विफलता का प्रतीक बन गया है। सवाल यह है कि आखिर जनता कब तक अपने हिस्से की हवा, अपनी सुरक्षा और अपने सम्मान से समझौता करती रहेगी? जनता को अपने बीच से नया नेतृत्व निकालना ही होगा।

कौन होगा जो बुझी मोमबत्तियों को दिया सलाई दिखाएगा ? ( नेताओं को याद दिला दें कि ये स्पॉट, उन के लिए शानदार सेल्फी प्वाइंट बन सकता है )।

# ठेकेदारों को त्रिमासिक नोड्यूज उपलब्ध करवाए जाने की मांग

- व्यापार मंडल ने राज्यकर विभाग की संयुक्त आयुक्त से की मुलाकात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्य कर विभाग की संयुक्त आयुक्त स्मिता भास्कर को एक ज्ञापन प्रेषित किया, जिसमें ठेकेदारों को निर्माण कार्यों में अनेको टेंडर प्रक्रिया के दौरान एजेंसियों द्वारा राज्यकर विभाग से नोड्यूज की मांग की जाती है। मगर राज्यकर विभाग द्वारा नोड्यूज में पत्रांक संख्या अंकित किया जाता है, जिससे ठेकेदारों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने बताया कि जनपद उधम सिंह नगर में बहुत निर्माण एजेंसियां हैं जो की नगर निगम, नगर पालिका, ग्रामीण निर्माण विभाग, पेयजल विभाग,लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, जिला पंचायत आदि सहित अनेको विभागों के टेंडरों में भाग लेना होता है जिसमें राज्यकर विभाग की नोड्यूज की अनिवार्यता होती है। अनेकों बार अलग-अलग विभागों में हर सप्ताह टेंडर निकाला जाता है, जिस कारण बार-बार ठेकेदारों को नोड्यूज बनवाने के लिए विभाग में बार-बार अनावश्यक रूप से चक्कर लगाने पड़ते हैं जिससे न केवल विभाग के बल्कि ठेकेदारों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

जुनेजा ने यह भी कहा कि नो ड्यूज की प्रक्रिया को आसान बनाया जाए जिसके तहत ठेकेदारों को त्रिमासिक नोड्यूज उपलब्ध करवाया जाये साथ ही पत्रांक संख्या का उल्लेख न किया जाए जिससे ठेकेदारों को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। व्यापारियों की समस्या को सुनकर संयुक्त आयुक्त सिमिता भास्कर ने आश्वासन दिया कि कि वे उच्च अधिकारियों को इस बाबत अवगत करवाएंगी व व्यापारियों को राहत दिलाने का प्रयास करेंगी।

इस अवसर पर व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष संदीप राव, ठेकेदार एसोसिएशन के मोहित बत्रा व राज. ेश कामरा उपस्थित थे।

# नाजायज तमंचा व चाकू रखने में तीन शातिर पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा के आद. ेशानुसार ऊधमसिंहनगर पुलिस द्वारा संचालित अपराधियों की धर-पकड़ जनपद में अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत अपराध करने व शौकिया तौर पर नाजायज तमंचे व चाकू रखने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जा रही है ।

जसपुर पुलिस द्वारा इसी अभियान के तहत बाजार पुलिस चौकी इंचार्ज एसआई सुशील कुमार के नेतृत्व में पुलिस द्वारा रात्रि गश्त के दौरान पुलिस टीम ने पतरामपुर फ्लाई ओवर सड़क से शातिर वसीम को नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया ।

इसके अलावा सूत मिल पुलिस चौकी इंचार्ज इंद्र सिंह ढेला व बाजार चौकी इंचार्ज एसआई सुशील कुमार द्वारा मय पुलिस टीम के मुखबिर की सूचना पर बहादरपुर को जाने वाली सड़क पर चेकिंग कर मोटरसाईकल UP21DA-7368 से जाने वाले अजय कुमार व दीपक कुमार को 315 बोर के तमंचे व एक-एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में वसीम भंडारी पुत्र शाहिद निवासी अबूबकर मस्जिद के पास मोहल्ला नत्था सिंह थाना जसपुर, अजय कुमार पुत्र सुभाष कुमार निवासी भायपुर थाना ठाकुरद्वारा, दीपक कुमार पुत्र नरेश सिंह निवासी भायपुर थाना ठाकुरद्वारा शामिल हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसएसआई जावेद मालिक, एसआई इंद्र सिंह ढेला, एसआई सुशील कुमार, कांस्टेबल अरुण कुमार,कपिल ओली, कुलदीप सिंह व होमगार्ड दीक्षित शामिल रहे।

# उत्तराखण्ड में चल रहा है सरकार का जंगलराज: आदेश

- सत्ता के दबाव में विधानसभा अध्यक्ष नहीं सुनती विपक्षी विधायकों की समस्याएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** कांग्रेसी विधायक आद. ेश सिंह चौहान ने गैरसैंण में आयोजित उत्तराखंड विधानसभा के मानसून सत्र में भाग लेने को लेकर अपने कार्यालय में पत्रकार वार्ता कर सत्ता धारी धामी सरकार पर कड़े प्रहार किए ।

मीडिया से बात करते हुए विधायक आदेश सिंह चौहान ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सत्ता के दवाब में विधानसभा अध्यक्ष ने विपक्षी कांग्रेस पार्टी के विधायकों को नहीं सुना और चार दिन चलने वाले मानसून सत्र डेढ़ दिन में ही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया कांग्रेसी विधायक ने कहा कि हम लोग चार दिन की योजना बनाकर मानसून सत्र में पहुंचे थे। चौहान ने कहा कि मानसून सत्र में जैसे ही पहुंचे वहां पहले से ही अरा. जकता का माहौल था। विपक्ष की सुनवाई को कोई तैयार नहीं था। विधानसभा सत्र में जनता की सुविधाओं के मुद्दे उठाए जाने से पहले ही सदन का माहौल बिगाड़ दिया गया है। इस कारणवश जनता के मुद्दे धरे के धरे रह गए। सरकार के दबाव में स्पीकर ने विपक्ष को बोलने व सुनने का समय ही नहीं दिया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि उत्तराखंड की धामी सरकार द्वारा उत्तराखंड को बिहार की तर्ज पर ले जाया जा रहा है, जहां शासन सरकार का नहीं जंगल का राज चलता है ।

उन्होंने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में उत्तराखंड में शासन राज नहीं जंगल राज देखने को मिला। नैनीताल जिला पंचायत अध्यक्ष का मामला हो या बेतालघाट गोली कांड, उधम सिंह नगर में गदरपुर और बाजपुर का मामला हो सब में गुंडाराज ही दिखाई दिया। अंत में कहा कि पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश में विधानसभा सत्र लगभग 10 दिन तक चलता है, जबकि उत्तराखंड प्रदेश में विधानसभा सत्र चार दिन या पांच दिन चलाना भी सरकार को भारी पड़ता है। इससे साफ जाहिर होता है कि गूंगी-बहरी उत्तराखंड सरकार को जनता से कोई सरोकार नहीं है। प्रदेश में आई आपदा पर भी कुछ सुनने कहने को तैयार नहीं है। कानून व्यवस्था सुधारने का नाम नहीं ले रही हैं। जनता की आवाज को दबाने का काम किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार 2027 में किसी कीमत पर नहीं आएगी। कांग्रेस की सरकार आने पर जनता के कार्यों को अधिक से अधिक करने का प्रयास किया जाएगा। किसानों की तरक्की के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे और हम नई तैयारी से नए उत्तराखंड का निर्माण करेंगे। कांग्रेस सरकार में धर्म जाति की नहीं केवल विकास की बात होगी।

# किसानों पर लाठियां बरसाने वाले पुलिस कर्मियों पर हो कार्यवाही: लाडी

- हरिद्वार के टोल प्लाजा पर पुलिस द्वारा किसानों पर बरसाई गईं थीं लाठियां



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** किसान अपनी जायज मांगों को लेकर देहरादून ऊर्जा भवन का घेराव करने के लिए जा रहे थे हरिद्वार के टोल प्लाजा पर किसानों पर पुलिस द्वारा बेरहमी से लाठियां बरसाई गई। जिसको लेकर दर्जनों आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हरमिंदर सिंह लाडी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट को सौंपकर जांच के बाद दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की जाए।

किसान कांग्रेस के प्रदेशध्यक्ष हरविंदर सिंह लाडी ने कहा हरिद्वार टोल प्लाजा पर किसानों के ऊपर पुलिस द्वारा बेरहमी से लाठियां बरसाई गई थी। नवंबर पहले सप्ताह में समस्त उत्तराखंड की चीनी मिलों को शुरू किया जाए। उन्होंने कहा किसानो को फसल में डालने के लिये यूरिया खाद की आवश्यकता होती है। सोसाईटी द्वारा यूरिया खाद उपलब्ध नहीं करवाया जाता है। धामी सरकार द्वारा उत्तराखंड के किसानों को यूरिया खाद भी उपलब्ध नहीं कराई जा रहा। किसानों को ब्लैक में यूरिया खाद महंगा खरीदना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही किसानों को यूरिया खाद उपलब्ध कराया जाए। यूरिया, एनपीके, डीएपी फसलों के समय पर सोसाईटी और मार्केट में उपलब्ध करवाया जाये। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बाजपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि जोरावर सिंह भुल्लर ने कहा किसानों का गन्ने का भुगतान 500 प्रति कुंतल धामी सरकार द्वारा कराया जाए। पिछले वर्ष का गन्ने का भुगतान 375 रुपये प्रति कुंतल के हिसाब से कराया गया। जिसमें किसानों की लागत भी लौटकर नहीं आ रही। और किसान घाटे में चल रहे हैं। अगली बार से किसान गन्ना लगाना बंद कर देंगे। जिससे चीनी को लेकर राज्य में गहरा संकट गहराएगा और चीनी महंगी हो जाएगी आम लोगों को चीनी भी नसीब नहीं हो पाएगी। उन्होंने कहा धामी सरकार द्वारा हमारी मांगों पर शीघ्र ही अमल नहीं किया गया तो हम आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। इस मौके पर कामरान खान, आमिर हुसैन, किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नवदीप सिंह कंग, सुरजीत सिंह, अमर सिंह रंधावा, साबिर हुसैन, गोल्डी कांग, वसीम अहमद, जाहिर अली, सरबजीत सिंह, फैयाज अली, मोहम्मद रफी, आदि मौजूद रहे।

# जल्द भरे जाएं विशेषज्ञ डॉक्टरों के रिक्त पद: शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** देवभूमि पत्रकार संघ के जिला महामंत्री डा. जोगेश चन्द्र शर्मा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र भेजकर बाजपुर के उप जिला चिकित्सालय में विशेषज्ञ डॉक्टरों के रिक्त पदों पर तत्काल नियुक्ति किए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि स्त्री रोग विशेषज्ञ, जनरल सर्जन, ऑर्थोपेडिक सर्जन, बाल रोग विशेषज्ञ, ईएनटी सर्जन के न होने के कारण बाजपुर उप जिला चिकित्सालय रेफर सेन्टर बन कर रह गया है। डॉक्टरों के अभाव में मरीजों को प्राईवेट अस्पतालों में आर्थिक शोषण का शिकार होना पड़ रहा है।

## संबंध विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र शाहिदीन अहमद को मेरे व मेरे परिवार के साथ दुर्व्यवहार करने और गलत संगत के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद करता हूं । भविष्य में उसके किसी भी कृत्यों अथवा लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

शाह अहमद पुत्र श्री अली जान
निवासी- वार्ड नं.-5, खेड़ा,
रुद्रपुर, उधमसिंह नगर

## सूचना

प्रिय चाचा कृपा राम पुत्र श्री धपनत राम निवासी- ग्राम पिपलिया तहसील बाजपुर जिला उधमसिंहनगर आपको एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आपको ग्राम पिपलिया तहसील बाजपुर छोड़े हुए आज से करीब 30 वर्ष हो गए आप विगत वर्षों से आपके न आने से परिवार को आपकी बहुत याद आत्ती है। लिहाजा आपको सूचित किया जाता है कि आप जहा कही भी हो तुरन्त घर आने का प्रयास करें या मुझ राजेन्द्र कुमार शर्मा को सूचित करें कि आप कहा पर है मै आपको लेने के लिये आ जाउंगा।

आवेदक
राजेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री प्यार चन्द शर्मा,
निवासी-ग्राम पिपलिया तहसील व थाना
बाजपुर जिला उधम सिंह नगर

# दरऊ गोलीकांड में शामिल दो आरोपी दबोचे

- न्यायालय में आत्मसमर्पण करने जाने के दौरान लिया हिरासत में
- एक अदद तमंचा 315 बोर एवं दो जिन्दा कारतूस बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** चुनावी रंजिश को लेकर ग्राम दरऊ में दिनदहाड़े युवक की हत्या कर फरार हुए मुख्य आरोपियों में से पुलिस ने दो आरोपियों को उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वह न्यायालय में आत्मसमर्पण करने जा रहे थे।

कोतवाली में मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि बीती 18 अगस्त को कोतवाली के अंतर्गत ग्राम दरऊ में चुनावी रंजिश को लेकर युवक आलिम की दिनदहाड़े उसके घर के सामने ही गोली मारकर कर हत्या कर दी गई थी तथा आरोपी मौके से फरार हो गए थे। मृतक के भाई की तहरीर के आधार पर पुलिस ने नामजद हत्यारोपियों की गिरफ्तारी हेतु कई टीमें गठित की गई। पुलिस टीमों ने एक सौ से अधिक सीसीटीवी कैमरों को खंगालते हुए हत्यारोपियों तक पहुंचने की कोशिश की परन्तु हत्यारोपी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सके, जबकि पुलिस टीमों ने आरोपियों की तलाश में उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद, रामपुर,बरेली, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब तथा उत्तराखंड के कई सम्भावित ठिकानों पर दबिश दी तथा अपने खुफिया तंत्र को मजबूत रखा। आज दिनांक 23 अगस्त को मुखबिर ने सूचना दी कि आलिम के हत्यारोपी न्यायालय में आत्मसमर्पण करने वाले हैं तथा बरेली रोड पर एक ढाबे के पास बैठे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर मौ. आकिल पुत्र मौ. जान खां निवासी ग्राम दरऊ जामा मस्जिद के पास थाना कोतवाली किच्छा एवं रिहान खां पुत्र फिरासत खां निवासी ग्राम दरऊ थाना कोतवाली किच्छा को गिरफ्तार कर लिया। हत्यारोपियों के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर एवं दो जिन्दा कारतूस बरामद किए। पुलिस दोनों हत्यारोपियों को कोतवाली ले आई है तथा वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इस मौके पर सीओ भूपेंद्र सिंह धोनी एवं कोतवाल धीरेंद्र कुमार भी मौजूद थे। हत्यारोपियों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में कोतवाल धीरेंद्र कुमार, वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद मौनियाल, एस आई ओम प्रकाश सिंह नेगी, एस आई हेमचंद तिवारी, एस आई बसंत प्रसाद,ए एस आई जगदीश सिंह महर, देवराज सिंह बृजमोहन सिंह कांस्टेबल आदि थे।

## लाइसेंसी राइफल से की गई हत्या: गफ्फार

ग्राम दरऊ के नव निर्वाचित ग्राम प्रधान भाजपा नेता गफ्फार खान ने आरोप लगाया है कि दिनदहाड़े आलिम की हत्या लाइसेंसी राइफल से की गई है, जिसके सैकड़ों लोगों के अलावा मृतक की चचेरी बहन मीना हत्याकांड की गवाह है। पुलिस ने हत्यारोपियों से 315 बोर तमंचा एवं दो कारतूस बरामद करने की बात कही है।

## धामी सरकार की तानाशाही अब नहीं चलेगी: बाजवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** स्मार्ट मीटरों व विद्युत बिलों को लेकर देहरादून ऊर्जा भवन को कूच कर रहे किसानों पर बहादराबाद में पुलिस द्वारा किए गए बर्बर लाठीचार्ज के विरोध में 28 अगस्त को किसान मजदूर महापंचायत आयोजित की जाएगी। भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक संयुक्त किसान मोर्चा के नेता जगतार सिंह बाजवा ने बताया कि धामी सरकार सत्ता के नशे में चूर है और अधिकारी निरंकुश हैं। किसानों मजदूरों पर लाठी चार्ज किसी भी तरह से उचित नहीं ठहराया जा सकता जनहित के मुद्दों पर लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकारों का विरोध सामान्य बात है लेकिन इस तरीके से तानाशाही रवेया अपनाते हुए बर्बरता करनी किसी भी तरीके से उचित नहीं है।

# टीम ने रामा मंदिर का किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** उप जिला अधिकारी प्रमोद कुमार ने नगर पालिका परिषद रामनगर के अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल के साथ कुमाऊं आयुक्त द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में शनिवार को रामा मंदिर का निरीक्षण किया गया।

एसडीएम ने बताया कि रामा मंदिर समिति के प्रबंधन समिति पर आरोप लगाए गए है कि वहां अभी तक चुनाव भी नहीं कराए है और समिति की संपत्तियों को भी गलत तरीकों से लीज पर दिया जा रहा है और विक्रय किया जा रहा है। मौके पर एक मंदिर का निर्माण भी किया जा रहा था, उस मंदिर के संबंध में अनुमति प्राप्त नहीं है। समिति को उसकी विधिवत अनुमति के उपरांत ही कार्य करने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद रामनगर के अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल को एक सप्ताह अंतर्गत समिति की सभी संपत्तियों एवं बाजार में स्थित दुकानो एवं आवासीय भवनों का सर्वे कर उसकी रिपोर्ट भेजने के लिए निर्देशित किया है।यहां पर चुनाव भी लगभग 25 वर्ष होने के उपरांत भी नहीं किए गए है। समिति के सभी सदस्यों का ब्यौरा और रिकॉर्ड तलब किया जा रहा है।इस दौरान नगर पालिका परिषद रामनगर के प्रभारी स्वास्थ्य निरीक्षक लल्ला मियां आदि मौजूद रहे।

# एसएसबी ने लगाया सिलाई प्रशिक्षण एवं पशु चिकित्सा शिविर

- 119 पशुओं का उपचार कर दवाई वितरित की गई




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** मनोहर लाल, कमांडेंट, 57वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की गरिमामयी उपस्थिति में सशस्त्र सीमा बल, 57वीं बटालियन द्वारा शुक्रवार को ग्राम नायकगोठ (भारत-नेपाल सीमा) में नागरिक कल्याण कार्यक्रम का आयोजन कर दो सप्ताह के सिलाई प्रशिक्षण शिविर की शुभारंभ करते हुए पशु चिकित्सा शिविर का का भी आयोजन किया गया । सिलाई प्रशिक्षण का आयोजन एसएसबी द्वारा प्रायोजित है तथा इसे महिला जनजाति सेवा समिति, NGO के सहायता से आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

कार्यक्रम का शुभारम्भ कमान्डेंट मनोहर लाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि ध्आज का यह क्षण सीमांत क्षेत्र की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक अहम कदम है। यह दो सप्ताह का प्रशिक्षण न केवल महिलाओं को अपने पैरों पर खड़ा करेगा, बल्कि उन्हें परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने में भी सहयोगी सिद्ध होगा। प्रशिक्षित महिलाएं स्वरोजगार के रूप में सिलाई का कार्य अपनाकर अपना स्वयं का सिलाई केंद्र शुरू कर सकती हैं, जिससे उन्हें दीर्घकालिक आजीविका का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणो को सामाजिक चैतना अभियान जैसे नशा मुक्त भारत, बेटी बचाओं बाती पढ़ाओं अभियान, जल शक्ति अभियान इत्यादि के बारे में जागरूक किया, साथ ही साथ कहा कि एसएसबी सीमावर्ती क्षेत्रों में समय-समय पर ग्रामीण उत्थान, सामाजिक जागरूकता और आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से ऐसे नागरिक कल्याण कार्यक्रम आयोजित करती रहती है, ताकि समाज की मुख्यधारा से जुड़ाव और सामुदायिक विकास को और मजबूत किया जा सके। शिविर में 25 ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षित कर स्वरोजगार के प्रति सक्षम बनाया जाएगा।

वही डॉक्टर गुरविंदरजीत सिंह कमांडेंट पशु चिकित्सा के नेतृत्व मे पशु चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया जहां ग्रामीणों के पशुओं हेतु नि:शुल्क जांच एवं दवाई वितरण किया गया। पशु चिकित्सा कैंप के तहत कुल 40 ग्रामीणों के 119 पशुओं का उपचार कर दवाई वितरित की गयी। पशु चिकित्सक के द्वारा क्षेत्र में चल रहे बर्ड फ्लू के कारण उससे बचाओ के तरीकों पर भी ग्रामीणों को जागरूक किया गया। आयोजन में अनिल कुमार यादव, उप कमांडेंट, पुष्पा विश्वकर्मा, जिला पंचयत सदस्य, टनकपुर, चंपावत सुनील शर्मा, वन क्षेत्राधिकारी, शारदा टनकपुर, ममता देवी, बीडीसी, छीनीगोठ, टनकपुर, कंचन देवी, प्रधान नायकगोठ, राजेंद्र सिंह, समाजसेवी, नायकगोठ, सुरेश कुमार-अध्यक्ष, महिला जनजाति सेवा समिति, झनकट खटीमा उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय लीगल कार्यशाला आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कार्बेट टाइगर रिजर्व रामनगर के निर्देशन में 22 व 23 अगस्त को दो दिवसीय फील्ड कर्मियों की जानकारी के लिए वन एवं वन्यजीव संरक्षण अधिनियमों के क्रियान्वयन, प्रतिपादन एवं वन विषयक अपराधों के अन्वेषण सम्बन्धी प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से लीगल कार्यशाला आयोजित की गयी।

इस कार्यशाला में कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र कालागढ़ में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 36 प्रशिक्षणार्थियों के अतिरिक्त ढिकाला, सर्पदुली, बिजरानी, ढेला, झिरना, कालागढ़ और एसओजी रेंज के कुल 24 वन दरोगा एवं वन आरक्षियों द्वारा कार्यशाला में प्रतिभाग किया गया।पहले दिन शुक्रवार को सुबह 10:30 बजे बिन्दर पाल निदेशक कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र, कालागढ़ के द्वारा कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया। पार्वती नन्दन जोशी, वन दरोगा द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को भारतीय वन अधिनियम-1927 एवं वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धाराओं के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी और वन अपराध जारी करने के बारे में अवगत कराया गया। तरूण बिष्ट एडवोकेट रामनगर के द्वारा वन एवं वन्यजीव अपराधों में विविध प्रक्रियाओं जैसे जामा तलाशी, फर्द बरामदगी, बयान, मौका नजरी-नक्शा, सीजर रिपोर्ट, गिरफ्तारी, अपराध की जांच व न्यायालय में की जाने वाली विधिक कार्यवाही की जानकारी कार्यशाला में दी गयी। दूसरे दिन शनिवार को फील्ड प्रशिक्षण दिया गया। इसमें प्रतिभागियों की 06 टीम बनाई गयी। क्राइम सीन तैयार कर मौके पर वन अपराध जारी करना, बयान, फर्द बरामदगी, गिरफ्तारी आदि से सम्बन्धित फील्ड कार्य करवाया गया।

तरूण बिष्ट एडवोकेट रामनगर द्वारा फील्ड कार्य में कमियों पर सुधार की जानकारी दी गयी। इस दौरान बिन्दर पाल निदेशक कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र, कालागढ़,रेंजर इन्द्र सिंह बिष्ट, मथुरा प्रसाद बिजल्वाण, अथहर महमूद सिद्दीकि, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

# शिक्षक को गोली मारने के मामले में पब्लिक स्कूल एसोसिएशन ने व्यक्त किया रोष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** काशीपुर में बीते दिनों एक छात्र ने एक शिक्षक को गोली मारकर उसको घायल कर दिया था। रामनगर पब्लिक स्कूल एसोसिएशन ने भी इस मामले में रोष व्यक्त करते हुए आरोपी छात्र के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

पब्लिक स्कूल एसोसिएशन रामनगर के अध्यक्ष शिशुपाल सिंह रावत ने बताया कि यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है और ऐसी घटना नही होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि इस मामले में पीरुमदारा में पब्लिक स्कूल एसोसिएशन रामनगर की एक बैठक आयोजित की गई। रामनगर पब्लिक स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष शिशुपाल सिंह रावत ने कहा कि काशीपुर के एक प्राइवेट स्कूल के शिक्षक को छात्र द्वारा गोली मारी गई थी,उस पर अपनी संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि रामनगर के सभी प्राइवेट स्कूलों में इस घटनाक्रम को लेकर काफी रोष है एवं सभी विद्यालय इस के खिलाफ एक साथ खड़े है। इसी मामले में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि सभी स्कूल मिलकर कुमाऊं कमिश्नर से मुलाकात कर स्थिति के बारे में अवगत कराएंगे और भविष्य में इस प्रकार की कोई भी घटना न दोहरा सके इसके लिए सख्त कदम उठाने का आग्रह किया जाएगा। बैठक में मदर ग्लोरी की प्रधानाचार्य मीना पांथरी, ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर प्रसून श्रीवास्तव, दून स्कॉलर स्कूल के डायरेक्टर खगेंद्र भट्ट, गुरु नानक पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल हिमांशु जोशी, मेहरा पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर पंकज मेहरा, दीपक डिवाइन स्कूल के जसवंत सिंह बिष्ट , ईस्ता कान्वेंट के डायरेक्टर कैलाश पांडे,आईसीए टांडा के प्रिंसिपल मनोज रावत, द संस्कृत सिंगल स्कूल के डायरेक्टर अरविंद सिंघल आदि मौजूद रहे।

# बैंक ऑफ इंडिया की नई शाखा का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** टनकपुर में बैंक ऑफ इंडिया की नई शाखा का शुभारंभ बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। शाखा का शुभारंभ फील्ड महाप्रबंधक अनिल कुमार वर्मा के सौजन्य से संपन्न हुआ।

शुभारंभ के मौके पर महाप्रबंधक श्री वर्मा ने बताया कि बैंक ऑफ इंडिया एक सार्वजनिक क्षेत्र का अग्रणी बैंक है, जो 7 सितंबर 1906 से देशवासियों को भरोसेमंद बैंकिंग सेवाएं प्रदान कर रहा है। वर्तमान में बैंक की देशभर में 5300 से अधिक शाखाएं एवं विदेशों में 47 कार्यालय संचालित हैं। आंचलिक प्रबंधक विवेक तिवारी ने ग्राहकों को बैंक की विभिन्न जमा एवं ऋण योजनाओं जैसे एमएसएमई, वेलकम ऑफर डॉक्टर प्लस, एसेट बैंक लोन आदि की जानकारी दी। वही उप आंचलिक प्रबंधक भानु प्रताप सिंह नबियाल ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनहित कारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की।

शाखा प्रबंधक अमित नेगी द्वारा बेहतर ग्राहक सेवा प्रदान करने का संकल्प दोहराया गया एवं ग्राहकों से अधिक से अधिक लोगों को बैंक से जोड़ने का आग्रह किया गया। इस मौके पर विवेक तिवारी, भानु प्रताप सिंह नबियाल, मोहित गुसाई, सूरज बिष्ट, ईओ भूपेंद्र प्रकाश जोशी, डा. हरद्वारी लाल मंडोरिया, व्यापार मंडल के अध्यक्ष वैभव अग्रवाल, प्रोफेसर सुनील कटियार सहित सम्मानित ग्राहक उपस्थित रहे।

# भाजपा के दिग्गज नेता दीपक पाठक को मनाने पहुंचे अरविंद पांडे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की विधानसभा चंपावत में भाजपा के पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद पांडे भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दीप पाठक से मिलने उनके कार्यालय टनकपुर पहुंचे। बताया जा रहा है कि भाजपा के दिग्गज नेता दीपक पाठक की नाराजगी को दूर करने के लिए पूर्व कैबिनेट मंत्री के द्वारा की गई मुलाकात नगर क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। अब देखना यह होगा कि भाजपा हाई कमान दीपक पाठक को मनाने में कामयाब हो पाएगी या नहीं यह एक अहम सवाल है। फिलहाल पूर्व कैबिनेट मंत्री की मुलाकात से दिन भर चर्चाओं का बाजार गर्म रहा।



टनकपुर पहुंचे पूर्व कैबिनेट मंत्री ने कहा कि दीप पाठक भारतीय जनता पार्टी के सच्चे ईमानदार सिपाही हैं। दीप पाठक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक हैं तथा उनके द्वारा चंपावत में भाजपा को उस वक्त से सींचा गया है जब कांग्रेस पार्टी अपनी बुलंदियों पर थी और भाजपा के कार्यकर्ताओं को हर समय हर जगह दबाया जाता था, उस वक्त से दीप पाठक द्वारा पार्टी के लिए लगातार संघर्ष किया गया है। पूर्व मंत्री ने बताया कि दीप पाठक जैसे निष्ठांवान कार्यकर्त्ता का इस्तीफा देने का निर्णय मन को आहत करने वाला है। भाजपा को दीप पाठक जैसे समर्पित कार्यकर्ताओं की आवश्यकता सदा से है और सदा रहेगी। पूर्व कैबिनेट मंत्री द्वारा बताया गया कि जल्द ही दीप पाठक की नाराजगियों को दूर कर लिया जाएगा, ये भाजपा के परिवार का मामला है। और परिवार मे नाराजगी हो सकती है। उन्होंने कहा 2027 में तीसरी बार सरकार सभी कार्यकर्ताओं की एक जुटता से ही आएगी इसलिए हम सभी को विचार के साथ मजबूती से खड़ा रहना है। इस अवसर पर नरेंद्र सिंह, मनोज तिवारी, पुष्कर चंद,भूपेंद्र शाही,मोहन सिंह, मनोज आर्य,राजेंद्र कुमार, पंकज आर्य,श्याम ढेक, शुभम बोहरा,आकाश मेहरा, भुवन, हरीश, मोहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने संगठन हित में प्रदेश स्तर में अपनी भावनाएं पहुंचाने का आग्रह किया ।

# 27 से 29 अगस्त तक मोस्टमानू मेला तैयारियों को लेकर डीएम की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** आगामी 27 से 29 अगस्त 2025 तक जनपद पिथौरागढ़ के मोस्टमानू में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय ऐतिहासिक मोस्टमानू मेले की तैयारियों की समीक्षा जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी की अध्यक्षता में जिला सभागार में हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मेले में विकास से जुड़े विभाग अपने-अपने स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाएं, लोक निर्माण विभाग चण्डाक से मोस्टमानू तक सड़क मार्ग को मेले से पूर्व दुरुस्त करे, जल संस्थान प्रतिदिन दो टैंकर पेयजल की व्यवस्था करे तथा नलों से आपूर्ति सुचारू रखे, पुलिस विभाग ट्रैफिक और सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखे, नगर निगम एवं जिला पंचायत सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखें, मेला समिति सुव्यवस्था हेतु वॉलिंटियर्स तैनात करे तथा सीसीटीवी कैमरे, मंच एवं पेयजल की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करे, मेले को



इको-फ्रेंडली ग्रीन मेला के रूप में आयोजित किया जाए तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहे, विद्युत आपूर्ति निर्बाध रखने हेतु यूपीसीएल तथा यातायात व्यवस्था सुचारू रखने हेतु एआरटीओ व पुलिस को निर्देश दिए एवं मेला हेतु स्टल सेवा की अच्छी व्यवस्था की जाए और ट्रैफिक पर असर ना पड़े। मेला समिति के सदस्य जनार्जन उप्रेती ने बताया कि मेले में कलश यात्रा, डोला उठाई तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह, सीएमओ एसएस नबियाल, प्रशिक्षु उपजिलाधिकारी आशीष जोशी व वैभव कांडपाल, रमा गोस्वामी, राजकुमार, राजदेव जायसी, कीर्ति आर्य आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जसपुर खण्ड विकास कार्यालय में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला में 152 जन प्रतिनिधियों ने भाग लिया तथा 19 विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे ।

कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 40 मरीजों का स्वास्थय परीक्षण किया गया । जिनमें 10 व्यक्तियों के खून की जांच की गई।11 व्यक्तियों के आयु प्रमाण पत्र बनाये गये । 50 लोगों को स्वास्थ्य सम्बंधी जानकारी दी गयी । जिला पंचायतराज अधिकारी द्वारा जन्म मृत्यु पंजीकरण एवं विभिन्न विभाग में चलने वाली विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यशाला में जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, उप जिलाधिकारी चतर सिंह चौहान, खंड विकास अधिकारी कमल किशोर पांडेय , तहसीलदार शुभांगनी सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी विद्या सिंह सोमनाल तथा क्षेत्र पंचायत प्रमुख अनूप कौर, राजपुर ग्राम प्रधान इल्मा परवीन, प्रधान संघ अध्यक्ष गुरमेज सिंह, दिलशाद हुसैन आदि जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने शिविर लगाकर जागरूक किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उधम सिंह नगर के सचिव योगेंद्र कुमार सागर के निर्देशन में जसपुर के स्थानीय प्राविधिक कार्यकर्ताओं ने लकड़ी मंडी चौराहा जसपुर में नालसा (नशा पीड़ितों के लिए विधिक सेवाए) योजना 2016 पर लोगों को जानकारी दी गई ।

पीएलबी डॉक्टर बीएस गौतम ने नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया कहा गया कि हमें अपने बच्चों पर ध्यान रखना है तथा अपने बच्चों को 18 साल से कम उम्र में मोटरसाइकिल नहीं देनी है यदि कोई भी बच्चा कम उम्र में मोटरसाइकिल चलाते हुए पकड़ा जाता है तो उसका चालान पिताजी का काटा जाएगा और नशे की हालत में बाइक नहीं चलानी है तथा बाइक चलाते वक्त फोन का इस्तेमाल नहीं करना है और ना ही तेजी से बाइक को चलना है तथा सड़क पर दाएं बाएं और देखकर चलना है, जिससे कि किसी दुर्घटना से बचा जा सके। इस अवसर पर पैनल अधिवक्ता संदीप कुमार शर्मा, अजहरुद्दीन, प्रदीप कुमार शर्मा ,पीएलबी टीम में वीर सिंह गौतम, मनीष, लता आदि लोगों ने भाग लिया।

### दीप नारायण सिंह बने श्रमिक कल्याण प्रकोष्ठ के जिला संयोजक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**सितारगंज।** शक्तिफार्म निवासी समाजसेवी दीप नारायण सिंह को वैश्विक मानवाधिकार श्रमिक सुरक्षा परिषद के श्रमिक कल्याण प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर क्षेत्रभर में हर्ष की लहर है और लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष खूब सिंह 'विकल' ने दीप नारायण सिंह को जिला संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य श्रमिकों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। इसी दिशा में जिला संयोजक के रूप में दीप नारायण सिंह महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

इस अवसर पर संस्था जिलाध्यक्ष सिमरजीत सिंह, महामंत्री विनीत कुमार, सरफराज अंसारी, ओम प्रकाश व आकाश सिंह समेत कई पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास जताया कि दीप नारायण सिंह अपने अनुभव और समर्पण से जिले के श्रमिकों के हित में सराहनीय कार्य करेंगे।

### एचसीएल टेक देहरादून में लेकर आ रही अपना फ्लैगशिप कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** अग्रणी वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी एचसीएल टेक देहरादून के हाई स्कूल स्नातकों को अपने टेकबी अर्ली करियर प्रोग्राम में शामिल करने और उन्हें प्रौद्योगिकी उद्योग में करियर बनाने का अवसर देने की योजना बना रही है। टेक बी हाई स्कूल स्नातकों के लिए डिजाइन की गई एक परिवर्तनकारी पहल है। यह एक अनूठा श्सीखते हुए कमाएँश मॉडल है जो व्यावहारिक तकनीकी प्रशिक्षण को उच्च शिक्षा के साथ जोड़ता है। यह कार्यक्रम छात्रों को उद्योग से संबंधित कौशल सिखाता है और उन्हें शैक्षणिक उन्नति के लिए सक्षम बनाता है, जिससे प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में वैश्विक करियर की नींव रखी जा सके। एचसीएल टेक के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सुब्बारामन बी ने कहा, टेक बी कौशल विकास पहल से कहीं बढ़कर है। यह महत्वाकांक्षी युवाओं के लिए तकनीक के क्षेत्र में सार्थक करियर बनाने का एक मंच है।

### मुर्गा मीट की दुकानों का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** उप जिलाधिकारी एवं नगर पालिका परिषद प्रशासक गौरव पांडे के निर्देश पर नगर पालिका परिषद की टीम ने नगर में मुर्गा मीट विक्रेताओं की दुकानों का स्थलीय निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान मीट की दुकानें बंद पाई गई है। एसडीएम गौरव पांडे के निर्देश पर आनन्द सिंह नेगी के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद की टीम ने पालिका क्षेत्र में स्थित मुर्गा मीट की दुकानों का स्थलीय निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान मीट की सभी दुकानें बंद पाई गयी। आनंद सिंह नेगी ने बताया कि बर्ड फ्लू जैसी संक्रामक बीमारी की पुष्टि होने पर उप जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी चिकन एवं अंडा की दुकानों की सभी दुकानें अग्रिम आदेश तक बंद करने के आदेश दिए गए। एसडीएम गौरव पांडे के निर्देश पर मीट की दुकानों का पालिका प्रशासन की टीम ने औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि सभी दुकानों पर चिकन की बिक्री पूरी तरह बंद पाई गई है। चिकन मीट विक्रेताओं को कड़ी चेतावनी दी गई है कि किसी भी दशा में चिकन की बिक्री न की जाए अगर कोई चोरी छुपे चिकन की बिक्री करते पाया गया तो कड़ी वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी तथा लाइसेंस रजिस्ट्रीकरण की कार्रवाई भी की जाएगी।

### एक सितंबर की तैयारी को लेकर तैयारियां शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** एक सितंबर को गोलीकांड की बरसी को लेकर पूरी तैयारी चल रही है। वहीं 1 सितंबर गोलीकांड की बरसी की तैयारी को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहीद स्थल का जायजा लिया। रमेश चंद्र जोशी ने बताया कि आगामी एक सितंबर खटीमा गोलीकांड के दिन शहीद स्थल पर शहीदों की याद में कार्यक्रम कराए जाएंगे जिसको लेकर नगर पालिका प्रशासन द्वारा तैयारी की जा रही है। शहीद स्थल की साफ सफाई रंग रोगन एवं ध्वज चबूतरे का निर्माण 1 सितंबर से पहले करवा लिया जाएगा। जिसको लेकर आज नगर पालिका के अधिकारियों के साथ शहीद स्थल का निरीक्षण किया गया है। इस अवसर पर नगर पालिका ईओ दीपक शुक्ला, पूर्व नगर मंडल महामंत्री मनोज वाधवा, वीरेंद्र सामंत, राहुल सक्सेना, अजहर सिद्दीकी, सफाई नायक विजय गौरव, लिपिक रामपाल सिंह, रमेश ढींगरा, पूर्व प्रधान अशोक दिनकर, इरफान अंसारी आदि उपस्थित रहे।

### रोड पिलर बनाने का कार्य हुआ शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** मानेश्वर- मजेड़ा- कफललेक एवं खेतीगाड़ के लिए सड़क बनाने की बाधाएं दूर हुए अभी एक हफ्ता भी नहीं बीता है कि उसमें कार्य शुरू हो गया है। जिलाधिकारी मनीष कुमार की 'क्विक एक्शन' की कार्य संस्कृति का असर सभी विभागों में दिखाई दे रहा है। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता हितेश कांडपाल के अनुसार प्रस्तावित मार्ग में रोड पिलर लगाने का कार्य तेजी से शुरू कर दिया गया है। प्रारंभिक चरण की कार्यवाही के बाद आगे का कार्य किया जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा यहां के पलायन से उजड़े हुए गांव को फिर आबाद करने के लिए इस सड़क को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा हुआ है।

